वाहन मशिन योजना 2016-26

प्रीलम्सि के लयि:

वाहन मशिन योजना

मेन्स के लयि:

ऑटोमोबाइल क्षेत्र में वकिास के प्रयास

चर्चा में क्यों?

वाहन मशिन योजना (Automotive Mission Plan- AMP) 2016-26 वाहन उद्योग के वकिास का रोडमैप तैयार करने हेतु भारत सरकार और भारतीय वाहन उद्योग जगत का एक सामूहकि वज़िन है जसिके मजबूती के साथ कार्यान्वयन के चलते ऑटोमोबाइल क्षेत्र में हालिया मंदी के समग्र परदृिश्य में सुधार की आशा है।

प्रमुख बदिु

- इस योजना का उद्देश्य ऐसी परस्थितियों का वकिास करना है जसिसे अगले 10 वर्षों में वाहन, वाहनों के घटक नर्माण और ट्रैक्टर उद्योग के आकार तथा क्षमता संवर्द्धन के साथ ही भारत की सकल घरेलू उत्पाद में इनके योगदान में वृद्धिके लक्ष्य को प्राप्त कयि जा सके।
- AMP 2006-16 के सफल होने के कारण ही भारत ने केवल एक ऑटोमोबाइल उत्पादक बल्कविाहन डज़िाइन और वकिास के केंद्र के रूप में भी उभरा है।

वज़िन 3/12/65

- AMP 2016-26 का लक्ष्य वाहनों और कलपुर्जों के नर्माण एवं नर्यात से जुड़े शीर्ष तीन देशों में भारतीय वाहन उद्योग को स्थापति करना है।
- वर्तमान में भारतीय वाहन उद्योग का GDP में योगदान लगभग 7% है जसिे बढ़ाकर वर्ष 2026 तक 12% तक लाना है और 65 मलियिन अतरिक्ति रोज़गारों का सृजन करना है।

उद्देश्य

- **वनिर्माण को बढ़ावा:** AMP 2016-26 का उद्देश्य भारतीय मोटर वाहन उद्योग को 'मेक इन इंडयिा' कार्यक्रम का चालक बनाना है क्योंकयिह वनिर्माण क्षेत्र के अग्रणी चालकों में से एक है।
    - भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र के देश की GDP में 12% से अधकि का योगदान करने की संभावना है और यह वनिर्माण क्षेत्र के 40% से भी अधकि भाग का प्रतनिधित्वि करता है।
    - यह देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देगा।
- **रोजगार:** यह भारतीय वाहन उद्योग को 'कौशल भारत' कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण योगदानकर्ता और भारतीय अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख रोज़गार सृजक क्षेत्र बनाने का लक्ष्य नर्धारति करता है।
    - वाहन उद्योग के वनिर्माण क्षेत्र और सेवा क्षेत्र में वभिन्नि फॉरवर्ड और बैकवर्ड लकिेज होते हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था के औपचारकि और अनौपचारकि क्षेत्रों में अवसरों की उपलब्धता में वृद्धिहोगी।
- **गतशीलता:** यह योजना सार्वभौमकि गतशीलता सुनश्चिति करने हेतु देश के प्रत्येक व्यक्तिके लयि सुरक्षति, कुशल और आरामदेह गतशीलता बढ़ाने पर केंद्रति है।
    - यह उपभोक्ताओं को आवागमन के कई वकिल्प उपलब्ध कराकर पर्यावरण संरक्षण और वहनीयता को प्रोत्साहति करती है।

- **निर्यात:** इसका उद्देश्य भारतीय मोटर वाहन उद्योग के निवल निर्यात में वृद्धि करना और इसे विश्व के प्रमुख वाहन निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करना है।
- **इलेक्ट्रिक वाहन:** यह इलेक्ट्रिक वाहन जैसी नई तकनीक को शामिल करने के साथ ही संबंधित बुनियादी ढाँचे और नए ईंधन-दक्षता नियमों को भी शामिल करती है।

स्रोत- pib

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/automotive-mission-plan